निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स

स्रोत: द हिंदू

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) द्वारा 24 अप्रैल, 2024 से प्रारंभ होने वाले **निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स** पर डेरिवेटिव अनुबंध शुरू करने की घोषणा की गई है।

- निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स, निफ्टी में सूचीबद्ध 50 कंपनियों को छोड़कर, निफ्टी 100 की **50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व** करता है।
- NSE को इन डेरिवेटिव अनुबंधों के लिये भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) से मंज़ूरी मिल गई है।
- एक्सचेंज तीन क्रमिक मासिक सूचकांक फ्यूचर्स एवं **सूचकांक ऑप्शन अनुबंध चक्र** प्रदान करेगा।
  - नकद निपटान के साथ अनुबंध समाप्ति माह के अंतिम शुक्रवार को समाप्त हो जाएंगे।
- बाज़ार में डेरिवेटिव दो अथवा **दो से अधिक पक्षों के बीच वित्तीय अनुबंधों को संदर्भित** करते हैं और उनका मूल्य अंतर्निहित परिसंपत्ति या बेंचमार्क से प्राप्त होता है।
  - **डेरिवेटिव के दो मुख्य प्रकार हैं:**
    - **फ्यूचर्स,** जिसमें भविष्य की तारीख पर अंतर्निहित प्रतिभूतियों को खरीदने अथवा बेचने के लिये एक बाध्यकारी समझौता शामिल होता है।
    - **ऑप्शन,** जो धारक को एक निर्दिष्ट अवधि के भीतर पूर्व निर्धारित मूल्य पर अंतर्निहित प्रतिभूतियों को खरीदने अथवा बेचने का अधिकार (लेकिन दायित्व नहीं) प्रदान करते हैं।
- NSE भारत के दो मुख्य स्टॉक एक्सचेंजों में से एक है, दूसरा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) है। यह भारत में आधुनिक, पूर्णतः स्वचालित इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग वाला पहला एक्सचेंज था।
  - **फ्यूचर्स इंडस्ट्री एसोसिएशन (FIA)** के अनुसार, कारोबार किये गए अनुबंधों की संख्या के मामले में **NSE वर्ष 2023 में विश्व के सबसे बड़े डेरिवेटिव एक्सचेंज के रूप में उभरा।**

और पढ़ें... शेयर बाज़ार विनियमन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nifty-next-50-index